महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

प.सं.17-1/2024(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 22.08.2024

कार्यालय आदेश -1514

विषय : प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों में छात्रों की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरा एवं स्टाफ की निगरानी के सम्बन्ध में ।

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों / छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा प्राथमिकता है । इस हेतु विद्यालयों / छात्रावास में CCTV कैमरे की निगरानी एवं विद्यालय / छात्रावास में कार्यरत स्टाफ सदस्यों / आउटसोर्स - जिन्हें बाह्य प्रणाली में कार्य हेतु लिया जाता है, उन्हें प्रमाणित कर संयोजित करना आवश्यक है ।

इसी उद्देश्य से प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं के प्रबंधन/ अध्यक्ष/ गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि वेद अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अधोलिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें :-

(1) वेदपाठशाला/ विद्यालय / छात्रावास के प्रवेश द्वार, परिसर में अलग-अलग स्थानों - परीक्षा कक्ष के अन्दर, छात्रों के आवासीय कक्ष के बाहर, बाथरुम के बाहर, परिसर में CCTV कैमरे लगवाएं ।

(2) विद्यालय/ छात्रावास परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, मोबाइल नं. आदि विवरण विद्यालय के प्रवेश द्वार पर रजिस्टर में दर्ज करें ।

(3) छात्रों को विद्यालय/ छात्रावास परिसर के बाहर अकेले नहीं जाने दें तथा किसी अनजान व्यक्ति से मिलने तथा अनजान व्यक्ति से कोई वस्तु खानें न दें।

(4) विद्यालय / छात्रावास में संयोजित हो रहे स्टाफ सदस्य का चयन करने के पूर्व व्यक्ति के चरित्र, आचार- व्यवहार से अवगत हो जाएं । यह सुनिश्चित कर लें, कि व्यक्ति किसी आपराधिक प्रकरण, जुर्म, आचरण - व्यवहार में किसी गलत संगत में न हों ।

(5) वेदपाठशालाओं / इकाइयों में CCTV कैमरे होने पर ही प्रतिष्ठान / मसारावेसंशिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली वेदभूषण / वेदविभूषण पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षाओं हेतु वेदपाठशाला/ इकाई को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा । **परीक्षा कक्षों में CCTV कैमरे की व्यवस्था नहीं होने पर परीक्षा केन्द्र की मान्यता नहीं होगी ।**

(6) **वार्षिक परीक्षा 2024-25 हेतु प्रतिष्ठान द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारण किया जाना है । इस हेतु वेदपाठशालाएं स्वयं के व्यय पर CCTV कैमरे लगाकर विद्यालय भवन में लगे CCTV कैमरे के फोटो प्रतिष्ठान के ईमेल exam.msrvvp@gmail.com पर दिनांक 25-11-2024 तक प्रेषित करें । जिससे वार्षिक परीक्षा 2024- 25 हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए जा सके ।**

22.8.2024

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।

(2) कार्यालय आदेश पत्रावली ।